

## एक नजर में

### भारतीय रेडक्रास सोसायटी बुरहानपुर के प्रतिनिधियों का निर्वाचन संपन्न



**बुरहानपुर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बुरहानपुर की नव निर्वाचन प्रबंध समिति की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सभापति पद हेतु श्री सुमित बोरलेए उपसभापति श्री किमतराय एशीरामए कोषाध्यक्ष श्री कपिल चन्द्रशेखर गुप्ता तथा प्रदेश प्रतिनिधि डॉण् मनोज अग्रवाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन उपरांत अपर कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी श्री वीरसिंह चौहान ने समस्त पदाधिकारी एवं प्रबंध समिति के सदस्यों को शपथ भी दिलाई। बैठक में सचिव श्री विजय पाटील एवं कृषि उप संचालक श्री एमएएसण् देवके सहित प्रबंध समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### पुलिस ने चलाया अभियान, महिला को शराब बेचते पकड़ा



**नेपानगर।** एसपी देवेंद्र पाटीदार के निर्देश पर नेपानगर थाना पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब जब्त की। नेपा थाना टीआई ज्ञानू जायसवाल ने बताया शनिवार को ग्राम बदनापुरए चैनपुराए सीवलए संजय नगर में भ्रमण कर अवैध शराब की तलाश करते हुए ग्राम सीवल में आरोपी मीरा बाई पति गंदास बारेला 40 साल निवासी भीलवाड़ी सीवल के कब्जे से 07 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। संजय नगर में आरोपी मनु बाई पति गुमठा 58 साल निवासी संजय नगर नेपानगर के कब्जे से 06 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। कार्रवाई में टीआई ज्ञानु जायसवालए उपनिरीक्षक शहाबुद्दीन कुरैशीए आरक्षक गजेन्द्रए राकेश कनासे शामिल रहे।

### स्वच्छता केवल नगर परिषद् की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है

**शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 अंतर्गत स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन कर स्वच्छ वार्डो की रैंकिंग की गई ! स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का उद्देश्य नगर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, सस्थानो, वार्डो एवं नागरिको को प्रोत्साहित करना है साथ ही पुरे शहर को स्वच्छता के प्रति एकजुट करना है ! स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के अंतर्गत नगर के वार्डो के बीच कचरा प्रबंधन, विभिन्न मानको के आधार पर मूल्यांकन किया गया ! प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले वार्डो को अंको के आधार पर श्रेष्ट सफाई के किये शिवाजी वार्ड क्रमांक 10 को प्रथम स्थान प्राप्त हुवा ! स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 अंतर्गत नागरिको में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से प्रतिमाह स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किये जावेंगें।

### महेंद्र कपूर नाइट पर शानदार आयोजन



**बुरहानपुर।** संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी द्वारा सुप्रसिद्ध गायक सुरो के बादशाह महेंद्र कपूर के जन्म जयंती के अवसर पर 9 जनवरी 2026 को शाम 6 बजे संगीत साधना संस्था में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिस में देश भक्ति के अलावा मराठी एवं भक्ति गीत शानदार प्रस्तुत किए गए। अध्यक्ष विलास गोसावी ने बताया कि इस अवसर पर संगीत साधना संस्था के सचिव रवि पांडे जी एवं धवल गोसावी का जन्म दिवस बड़े सादगी पूर्ण से मनाया गया संस्था की ओर से उपाध्यक्ष सैयद शकील मुन्ना भाई ,वरिष्ठ सदस्य दिलीप जोशी ,पूनमचंद पांडे,मधुकर वाघले ,ठाकुर वीरेंद्र सिंह चित्रकार,गुलाब सोनार, हरीश राठौर, कैलाश चानदोलकर प्रशांत पांवड़े,प्रदीप जोशी, महेश पटेल, सुदामा इंगले,नीलेश महाजन, सुनीता सिरतूरे, ईश्वर महाजन, प्रिया यादव, नूरुद्दीन बर्तन वाले,पांडुरंग राठौर,जयश्री चंदोलकर,स्मिता साहू, ओम मुंशी,संजय आर्य,वासुदेव चौधरी, डॉ प्रकाश पाटिल, डॉक्टर दीपक देवरे,नीलेश महाजन, भगवानदास शाह,अली आमिर, जितेंद्र भावसार के अलावा कई सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेंद्र पाटिल सहायक यंत्री नेपानगर,श्री प्रकाश बर्वे सहायक यंत्री, डॉक्टर संतोष पांडे एवं कई सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप जोशी ने किया।

### संकल्प से समाधान अभियान : 12 जनवरी से 31 मार्च तक



**बुरहानपुर।** सुशासन व स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतोंध्नगरीय निकायोध्तहसील एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों तक समय.सीमा में पहुंचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि 12 जनवरीए से 31 मार्चए 2026 तक विशेष अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैंए के लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। शासन की विभिन्न जन योजनाओं एवं सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने हेतु 12 जनवरी से प्रारंभ ष्संकल्प से समाधान अभियानष् का जिले में सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विभाग व्यवस्थित कार्ययोजना बनाकर आपसी समन्वयता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करे। संकल्प से समाधान अभियान प्रदेश सहित जिले में 12 जनवरी से 31 मार्च तक सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित रहेगा। अभियान के चार चरण निर्धारित है।

# सूर्यपुत्र ताप्ती नदी के जल से किया जलाभिषेक व हर -हर महादेव से गूंज उठा परिसर



**आक्रांताओ के निशाना बनाने के बाद भी आस्था की अटूट शक्ति का प्रतीक बनकर खड़ा है सोमनाथ मंदिर . सांसद श्री पाटील**

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक गौरव की अक्षुण्ण विरासत सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले हमले के एक हजार साल पूरे होने पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में शनिवार को बुरहानपुर के सूर्यपुत्र ताप्ती नदी के राजघाट पर खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील,महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेलए भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने सहित जनप्रतिनिधियों ने ताप्ती नदी के जल से शिव मंदिर में जलाभिषेक एवं शिवलिंग पूजन किया तत्पश्चात ताप्ती मैया की आरती की। अनेक हमले भी हमारी शाश्वत आस्था को डिगा नहीं सके:- सांसद पाटील ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 11 जनवरी को सोमनाथ मंदिर गुजरात में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल होंगे। एक हजार वर्ष पूर्वए जनवरी 1026 में सोमनाथ मंदिर ने अपने इतिहास का पहला आक्रमण झेला था। साल 1026 का आक्रमण और उसके बाद हुए अनेक हमले भी हमारी शाश्वत आस्था को डिगा नहीं सके। बल्कि इनसे भारत की सांस्कृतिक एकता की भावना और सशक्त हुई हैं। भगवान शिव का यह मंदिर आज भी भारत का समृद्ध इतिहास और आस्था की अटूट शक्ति का प्रतीक बनकर खड़ा है।पुनर्निर्मित मंदिर के उद्?घाटन के 75 वर्ष इस साल मई में होंगे पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्?घाटन के 75 वर्ष भी इसी वर्ष पूरे होंगे। 11 मई 1951 को भारत के पहले राष्ट्रपति डॉण् राजेंद्र प्रसाद जी की उपस्थिति में सोमनाथ मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोला गया था।

उक्त पूजन कार्यक्रम में मप्र पावरलूम फेडरेशन अध्यक्ष जयंती भाई नवलखे ,पूर्व महापौर दिलीप श्रॉफ, अनिल भोसले, रेलवे सलाहकार समिति सदस्य पंकज नाटानी, जिला पंचायत सदस्य अनिल राठौर, भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील, मंडल अध्यक्ष अमोल भगत, गणेश पाटील,मोर्चा अध्यक्ष सुनील वाघे, चैयरमैन भरत इंगले, भरत मराठे, अमित नवलखे, वरिष्ठ पदाधिकारी गण, कार्यकर्तागण,धर्मप्रेमी बंधु आदि मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष नें किया प्राचीन असीरगढ शिव मंदिर में अभिषेक, पूजन



**बुरहानपुर।** सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक गौरव की अक्षुण्ण विरासत सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले हमले के एक हजार साल पूरे होने पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के पावन अवसर पर आज असीरगढ़ स्थित अत्यंत प्राचीन एवं ऐतिहासिक अहिरेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत अभिषेक एवं पूजन.अर्चन करने का सौभाग्य किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 11 जनवरी को सोमनाथ मंदिर गुजरात में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल होंगे। सोमनाथ के 1000 वर्ष पर कार्यक्रम वास्तव में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को संदर्भित करता है,जो वर्ष 1026 में सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनवी के पहले हमले के 1000 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक स्मरणोत्सव है। यह उत्सव भारत की सांस्कृतिक विरासत,अटूट आस्था और लचीलेपन का प्रतीक है,क्योंकि सदियों से बार.बार हमलों के बावजूद मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हुए एक सशक्तए सांस्कृतिक रूप से जागरूक और आत्मनिर्भर भारत की प्रेरणा देता है। डॉ . मनोज माने ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य 1000 वर्षो तक उन अनगिनत सनातनियों के सर्वोच्च बलिदान को याद करना जिन्होंने मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए और भारत की सभ्यतागत चेतना को प्रेरित करना। स्वतंत्र भारत में सरदार पटेल के प्रयासों से वर्तमान मंदिर के पुनर्निर्माण और 1951 में उद्घाटन के 75 वर्ष पूरे होने का भी प्रतीक है। यह कार्यक्रम आक्रमण की कहानी के बजाय सोमनाथ मंदिर के हजार वर्षों के लचीलेपन और पुनरुत्थान की कहानी पर केंद्रित है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने जी , भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील वाघे ,धुलकोट मंडल अध्यक्ष राजेश चारण,दोइफोडिया मंडल अध्यक्ष संदीप परिहार,दरियापुर मंडल अध्यक्ष गणेश पाटील, मंडल उपाध्यक्ष योगेश महाजन, अशोक राठौड़, संदीप पाटील, प्रकाश लॉड,विनोद चौहान, संजय पाटील, जितेंद्र पाटील,मंडल महामंत्री नवल डावर, मण्डल उपाध्यक्ष लाला चारण, तुषार पाटील, शिरीष भावसार, मण्डल उपाध्यक्ष त्रिलोक नायक, बबलू मुजाल्दा , मुकेश खड़ते , पूनम भाई , जिला महामंत्री सुभान चव्हाण , हुकुम सरपंच ,विकेश किराड़े , पूनम भास्कर , मोहन पाटील,विश्वास शिवहरे सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे। आपने असीरगढ़ प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उनके साथ पार्टी के कार्यक्रमो के सफलता पुर्वक संचालन एवं समय -समय पर प्रदेश एवं जिला कार्यालय द्वारा जारी कार्यक्रमो को तत्परता से करने हेतु मार्गदर्शन दिया तथा पूरे वर्षभर सक्रिय रहकर संगठनात्मक कार्यों को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।



## पीएम श्री स्कूल लोनी में पालक शिक्षक संघ की बैठक एवं पुरस्कार वितरण





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** दिनांक 10 जनवरी 2026 को पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय लोनी जिला बुरहानपुर में प्राचार्य देवेंद्र कुमार जैन एवं उप प्राचार्य श्री भानु प्रताप सिंह यादव जी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पालक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न संपन्न हुई।

अभिभावकों द्वारा शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति का अवलोकन किया गया एवं साथ ही अपने बच्चों से मिलकर उनका हाल.चाल लिया गया।

नवोदय विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है अत: अभिभावकों को महीने में एक बार अपने बच्चों से मिलने की अनुमति होती है ,विद्यालय में संपन्न हुई विभिन्न गतिविधियों के प्रमाण पत्र अभिभावकों के द्वारा ही वितरित करवाए गए, जिससे छात्र.छात्राओं का उत्साहवर्धन हुआ । विद्यालय में पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों जैसे कि कहानी लेखन हिंदी ,कहानी लेखन इंग्लिश, कहानी लेखन गुजराती, पुस्तक कवर डिजाइन, पेंटिंग स्लोगन राइटिंग, स्क्रैपबुक पुस्तक समीक्षा एवं अन्य गतिविधियों के पुरस्कार वितरित किए गए। इसके बाद छात्र.छात्राओं द्वारा विद्यालय में करियर प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसके पुरस्कार भी अभिभावकों की उपस्थिति में अभिभावकों द्वारा ही वितरित किए गए।

कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण के लिए पालक शिक्षक संघ के सदस्य फकीरचंद तायडे ,श्रीमती सविता भोमोरे ,श्री विनोद महाजन श्रीमती हीराबाई सोलंकी,श्रीमती रुपाली पाटील एवं श्रीमती धनश्री थुटे उपस्थित थे। साथ ही अन्य पालकों के द्वारा भी पुरस्कार वितरण करवाया गया जिससे बच्चों ने काफी उत्साह दिखा। कार्यक्रम के प्रभारी अखिलेश पाल,लाइब्रेरियन एवं संदीप गुजरे काउंसलर सर की प्रमुख भूमिका रही।

## सांसद ने पंचमुखी हनुमान मंदिर में लिया दर्शन लाभ , आरती एवं पूजा अर्चना की



**नवभारत न्यूज,** बुरहानपुर। ताप्ती नदी के सुरम्य राजघाट जाने वाले मार्ग स्थित अति प्राचीन मंदिर में दर्शन लाभ हेतु खंडवा संसदीय क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने दर्शन लाभ लिया स उनके साथ बुरहानपुर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भी दर्शन लाभ लिया स ट्रस्ट सचिव गणेश दातेराव ने सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को नविन कार्यकारणी के गठन की जानकारी सहित मंदिर के रखरखाव की जानकारी से अवगत कराया स इस अवसर पर श्री पंचमुखी हनुमान एवं शिव मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश चौहान,पदाधिकारी संजय अयरे,दीपक भारद्वाज,तरुण चौधरी ,त्रिलोक शाह,संजय चौहान के साथ साथ मिडिया प्रभारी सुभाष गुजर उपस्थित थे।

## सांसद से मिला नेपा मिल श्रमिक संघ का प्रतिनिधिमंडल



**नेपानगर।** सांसद से प्रतिनिधिमंडल मिला। भाजपा नेता संजय विजयवर्गीयए मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन के साथ श्रमिक संघ के पदाधिकारियों ने मिल को सुचारू रूप से चलायमान रखने की मांग की। श्रमिकों की लंबित मांग देनदारियों जैसे 2007, 2017 का वेतनमान पुनर्निर्धारण करने के साथ ही लंबित वेतन करीब 10 माह का दिलाने के लिए चर्चा की गई। सांसद ने कहा कि आपकी मांग जायज है। सांसद ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। श्रमिक संघ शीघ्र ही सांसद के नेतृत्व में दिल्ली जाकर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री से मुलाकात कर नेपा मिल्स की वर्तमान स्थिति से अवगत कराकर मिल के सुचारू संचालन व अपनी लंबित देनदारियों की मांग की जाएगी। साथ ही सेवानिवृत कर्मचारियों की लंबित आवास किराया कम करने की जो मांग चली आ रही थी, उसे श्रमिक संघ ने प्रबंधन वर्ग के साथ मिलकर प्रस्ताव पारित किया। उसे भी सांसद के संज्ञान में लाया गया। साथ ही श्रमिक संघ व मंडल अध्यक्ष द्वारा नेपानगर में ट्रेन के स्टॉपेज के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई जिससे अतिशीघ्र नेपानगर में कुछ ट्रेनों का स्टॉपेज मिलेगा इसके लिए भी सांसद ने आश्वस्त किया।

## नगर निगम द्वारा शहर की जल व्यवस्था सुधारने का कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रहा है

**निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव का वार्डो में सतत निरीक्षण ।**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर निगम बुरहानपुर द्वारा शहर की जल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सीवरेजए पेयजल एवं जल आवर्धन योजना के अंतर्गत पाइपलाइन सुधारए लीकेज रिपेयर का कार्य तेज़ी से जारी है। निगम आयुक्त स्वयं विभिन्न वार्डों में पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं और अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि सभी कार्य तय समय में पूर्ण किए जाएं। शहर के कई क्षेत्रों में अभी भी पुरानी पाइप लाइनों से जल आपूर्ति की जा रही थी। जिससे दूषित पानी और लीकेज की शिकायतें मिल रही थीं। इस समस्या को देखते हुए नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में जाकर पाइप लाइनों के सुधार और जल आवर्धन योजना के अंतर्गत नई लाइन से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

आज भी नगर निगम ने शहर के वार्डो में सुधार कार्य किया जैसे राजपुरा ज्ञानवर्धनी के पास पाइप लाइन चेक किया एएवं स्लाइस वाल्व चैंबर सफाई कार्य राजपुरा ज्ञानवर्धनी के पास के सीवर के 3 मैन होल की सफाई की गई लोहारमंडी गेट के पास सीवर के चैंबर की सफाई की गई। हरीरपूरा वार्ड बुधवारा आंगनवाड़ी के पास पाइप लाइन वॉल्व लीकेज रिपेयर खैराती बाजार वाल्व रिपेयर सभी वार्डो में घरों से सैंपल लेकर जांच की जा रही है वार्ड नं 10 चाचा फकीरचंद वार्ड में शाजेदा बी अख्तर खा के यहा से लिया गया सेम्पलएकिला रोड़ के वार्ड नं 13 खैराती बाजार के खातू घाट में समीम बानो अब्दुल रहीम के यहा से लिया गया पानी का सेम्पल लिया गया किला रोड़ में यूसुफ अंसारी जी के यहा से लिया गया सेम्पल लोहारमंडी आदि स्थानों पर निगम टीम द्वारा तत्परता से कार्य को पूर्ण किया गया है।

निगम आयुक्त ने बताया कि जल समस्या की शिकायत निराकरण करने के लिए निगम द्वारा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है 9630028148 है जिस पर शिकायतकर आम नागरिक अपनी जल समस्याओं का तुरंत निराकरण करवा सकते हैं। इस दौरान निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव सहायक आयुक्त अशोक पाटिल इंजीनियर सुनील चौहान नितिन तिवारी आदि उपस्थित थे।

**एक नजर** ▶ **संभाग प्रभारी के एक दिवसीय प्रवास पर मैराथन बैठको का दौर रहा जारी......**

# वीबी रामजी बिल पर कांग्रेस नफरत फैलाने का काम कर रही है : संभाग प्रभारी शर्मा



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** वीबी रामजी बिल देश को विकसित भारत बनाने का काम करेगा। इस बिल के बहुआयामी प्रभाव आम जन मानस को लाभान्वीत करेगें , इस बिल के माध्यम से 125 दिन रोजगार की गारंटी दी गई है, वही फसल के 2 माह के दौरान इस बिल का सिमित क्रियान्वयन खेती किसानी के लिए मजदुरो की कमी को भी प्रभावीत नही करेगा। साथ ही कांग्रेस पार्टी इस बिल को लेकर नफरत फैलाने का काम कर रही है। यह बात बुरहानपुर के एक दिवसीय प्रवास दौरान अपने व्यस्त कार्यक्रम के अंतर्गत कौर कमेटी सहित अन्य बैठको में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी सुरेन्द्र जी शर्मा ने कही। कार्यक्रम अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अर्चना चिटनिस, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने ,नेपानगर विधायक मंजु राजेन्द्र दादु , जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को,महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल विशेष रूप से उपस्थित रही।

संभाग प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में संसद द्वारा ,, व्ही बी जी राम जी ,, विकसित भारत. गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन. ग्रामीण विधेयक 2025 का पारित होना ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह विधेयक मनरेगा के स्थान पर एक अधिक पारदर्शी,प्रभावी और परिणामोन्मुख व्यवस्था स्थापित करेगा।

जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलासीराम सिलावट ने कहा कि वीबी रामजी बिल के जनजागरण हेतु आयोजित जनप्रतिनिधियों की बैठक में सम्मिलित होकर उपस्थित जनों से संवाद किया। आपने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्छ जी मोदी के नेतृत्व में पारित यह अधिनियम निश्चित ही किसान भाई . बहनों और श्रमिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होने जा रहा है।

सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील ने वी बी रामजी योजना को एतिहासीक करार दिया। आपने कहा कि रोजगार योजना का नाम पहले से महात्मा गाँधी जी के नाम पर नहीं था।

1980 में इंदिरा गांधी ने सभी पुरानी रोजगार योजनाओं को मिला कर राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम योजना का नाम दिया जिसे राजीव गाँधी ने जवाहर रोजगार योजना का नाम दे दिया। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अर्चना चिटनिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किए जा रहे कार्यो ,वी बी रामजी बिल को स्वर्णीम करार दिया ।

उन्होने कहा कि वी बी रामजी बिल को लेकर अपनी बात रखते हुवे कहा कि कांग्रेस सरकारों देश के लगभग 600 संस्थानों, योजनाओं, पुरस्कारों के नाम गाँधी परिवार के नाम पर रखे।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज मोन ने भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र व राज्य सरकार की योंजनाओं की जानकारी देते हुवे बताया कि योजनाओं को जन -जन तक पहुचाने के लिए पार्टी स्तर पर बूथ लेबल तक क्रियान्वयन किए जाने के लिए पार्टी पदाधिकारीयों , कार्यकर्ताओं को निरंतर संपर्क एवं भाजपा के निर्देशित कार्यक्रमो के लिए कमर कसकर तैयार रहना होगा। आपने प्रदेश की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन जी यादव के 2 वर्ष के कार्यकाल की। प्रशंसा करते हुवे उन्हे उल्लेखनिय करार दिया।

उपरोक्त जानकारी देते हुवे भाजपा जिला सह मिडिया प्रभारी राकेश कुमार पुर्वे ने बताया कि प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा एंव सह प्रभारी राजेन्द्र राठौर, द्वारा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल की बैठक ली ।